देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 169 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**पांवों में बेड़ियां



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 6 अक्टूबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39 | **2** भुखमरी से हो रही बच्चों की मौत | **7** परफेक्ट क्रिकेटर हैं रविंद्र जडेजा

# भारत अधिक शक्तिशाली हुआ

## चीन-पाक की साझेदारी से डरने की जरूरत नहीं: नए वायुसेना प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नए IAF चीफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि राफेल, अपाचे के शामिल होने से हमारी युद्ध क्षमता में काफी इजाफा हुआ है। हमारे बेड़े में नए हथियारों के एकीकरण के साथ हमारी आक्रामक स्ट्राइक क्षमता और भी अधिक शक्तिशाली हो गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी IAF की 89वीं वर्षगांठ पर कहते हैं, श्साइबर हमलों से बचने के लिए हमने अपने नेटवर्क को सख्त किया है। हमारे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना सशस्त्र बलों के बीच एकीकरण को उत्सुक है। तीनों सेवाओं द्वारा संयुक्त योजना और संचालन के परिणामस्वरूप हमारी युद्ध क्षमता में अधिकतम वृद्धि होगी। वायुसेना प्रमुख ने आगे LAC की जानकारी देते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति यह है कि चीनी वायु सेना अभी भी एलएसी की अपनी तरफ के तीन हवाई अड्डों पर मौजूद है। हम अपनी तरफ से पूरी तरह से तैनात और तैयार हैं।

**चीन की क्षमता?**

चौधरी से लद्दाख के पास चीनी वायु सेना की क्षमताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, श्कई ऊंचाई वाली जगहों पर मिशन करने को चीन की क्षमता कमजोर रहेगी।

**मिग-21 की घटना को स्वीकारा**

वायुसेना प्रमुख ने मिग -21 की दुर्घटनाओं को माना है। उन्होंने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उड़ान भरने वाला प्रत्येक विमान सभी जांचों से गुजरता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास मिग-21 के चार स्क्वाड्रन हैं और अगले तीन से चार वर्षों में ड्राडाउन होने की संभावना है।



**टू फ्रंट वॉर से निपटने में सक्षम**

एलएसी के दूसरी तरफ चीन के एयरफील्ड में भी चीनी एयरफोर्स की तैनाती बनी हुई है लेकिन इससे हमारे एयर ऑपरेशंस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, हमारी पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि डिसइंगेजमेंट को लेकर बातचीत चल ही रही है। चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत और टू फ्रंट वॉर की संभावना पर एयरफोर्स चीफ ने कहा कि उनकी पार्टनरशिप से डरने की कोई बात नहीं है लेकिन यह चिंता है कि वेस्टर्न टेक्नॉलजी पाकिस्तान से लेकर चीन तक को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम टू फ्रंट वॉर से निपटने में सक्षम हैं।

**जम्मू में ड्रोन हमले पर वायुसेना प्रमुखः** हम लंबे समय से स्वदेशी एंटी-ड्रोन क्षमता पर काम करने का प्रयास कर रहे हैं। हम वायुसेना के लिए काउंटर यूएएस प्रणाली को डिजाइन और विकसित करने के लिए हर तरह से स्टार्टअप करने को साथ हैं।

**कोयंबटूर दुष्कर्म का मामलाः** वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऐसी किसी भी घटना पर भारतीय वायुसेना का कानून बहुत सख्त है। एक महिला अधिकारी पर किए गए टू-फिंगर टेस्ट को गलत बताया गया है। कोई टू-फिंगर परीक्षण नहीं किया गया था। हम नियमों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और सभी उचित कार्रवाई की जाएगी। इस साझेदारी से डरने की कोई बात नहीं है। लेकिन चिंता की एकमात्र बात यह है कि पश्चिमी तकनीक पाकिस्तान से चीन तक जा रही है।

**अगले दशक तक 35 स्क्वाड्रन ही**

इंडियन एयरफोर्स में अभी करीब 30 स्क्वॉड्रन हैं और टू फ्रंट वॉर से निपटने के लिए 42 स्क्वॉड्रन की जरूरत है। हालांकि इतनी स्क्वॉड्रन कब बनेंगी यह एयरफोर्स चीफ के लिए भी कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगले 10-15 साल में तो ऐसा नहीं हो पाएगा। एयरफोर्स चीफ ने कहा 83 लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट से 4 स्क्वॉड्रन एलसीए मार्क वन ए की बनेंगी, 6-7 स्क्वॉड्रन एडवांस मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट की बनेंगी, 6 स्क्वॉड्रन मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट की बनेंगी। ये जुडेंगें और जो फेज आउट होने वाले हैं उनमें चार स्क्वॉड्रन मिग-21 की, जगुवार और मिग-29 हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा सीतापुर में गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। लखीमपुर खीरी जाने के प्रयास में लखनऊ से निकलीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को सोमवार को सीतापुर में हिरासत में लेने के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उनको निजी मुचलके पर रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई पर असमंजस है। उधर प्रियंका को गिरफ्तार करने की सूचना पर कांग्रेस काफी आक्रोशित हैं।

### गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा का दमदार प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गुजरात के निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। गांधीनगर निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को एक बार फिर जीत मिली। इसके अलावा पार्टी को दो अन्य नगर निकायों में भी जीत मिली। वहीं कांग्रेस ने देवभूमि-द्वारका जिले में भाणवड नगरपालिका में जीत हालिस की।

## श्री केदारनाथ धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

### केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यो का अवलोकन किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार प्रातः 9 बजे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केदारनाथ धाम पहुंचे। हेली पेड पर देवस्थानम बोर्ड, जिला प्रशासन सहित तीर्थ पुरोहितों ने उनकी अगवानी की तथा स्वागत किया गया।

हेलीपैड से मुख्यमंत्री केदारनाथ मंदिर दर्शन को पहुंचे जहां उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बाबा केदारनाथ भगवान के दर्शन किये। उनकी ओर से मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने रुद्राभिषेक का पाठ किया। देश एवं प्रदेश के खुशहाली की मंगलकामना की। देवस्थानम बोर्ड द्वारा उन्हें श्री केदारनाथ भगवान का प्रसाद एवं रुद्राक्ष माला भेंट की।

मुख्यमंत्री आदि गुरु शंकराचार्य जी के समाधि स्थल गये और वहां समाधि स्थल



पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। आदि गुरु शंकराचार्य जी की मूर्ति को हेलीकॉप्टर से कुछ दिनों पूर्व श्री केदारनाथ धाम पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने संपूर्ण केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का मौके पर अवलोकन भी किया। उन्होंने पुनर्निर्माण में लगे अधिकारियों, इंजीनियरों,मजदूरों के साथ ही श्रद्धालुओं से भी बातचीत की।

इस अवसर पर उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास पोस्ती, पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर, जिलाधिकारी मनुज गोयल, पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, उपजिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, देवस्थानम बोर्ड के मंदिर प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रबंधक अरविंद शुक्ला, प्रदीप सेमवाल भी मौजूद रहे।

## एक योजना ने 3 करोड़ लोगों को लखपति बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली/लखनऊ। पीएम नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में स्मार्ट सिटीज मिशन और अमृत के तहत उत्तर प्रदेश की 75 शहरी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने उन्होंने लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, झांसी और गाजियाबाद सहित 7 शहरों के लिए FAME-II के तहत 75 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी तीन करोड़ गरीब परिवार लखपति बन चुके हैं।

**गरीबों के खाते में ट्रांसफर किए एक लाख करोड़ रुपयेः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत केंद्र सरकार ने गरीबों के खातों में करीब 1 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि शहरी मिडिल क्लास की परेशानियों और चुनौतियों को भी दूर करने का हमारी सरकार ने बहुत गंभीर प्रयास किया है। रेरा कानून ऐसा एक बड़ा कदम रहा है। इस कानून ने पूरे हाउसिंग सेक्टर को अविश्वास और धोखाध ड़ी से बाहर निकालने में बहुत बड़ी मदद की है।

**शिलान्यास**

■पीएम बोले- मेरा भाषण सुनने के बाद विरोधी टूट पड़ेंगे

**मेरा भाषण सुनने के बाद टूट पड़ेंगेः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां कुछ महानुभाव कहते हैं कि मोदी ने क्या किया? आज पहली बार मैं ऐसी बात बताना चाहता हूं जिसके बाद बड़े-बड़े विरोधी, जो दिन रात हमारा विरोध करने में ही अपनी ऊर्जा खपाते हैं, वो मेरा ये भाषण सुनने के बाद टूट पड़ेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी तीन करोड़ गरीब परिवार लखपति बन चुके हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे प्रदेश में 42 लाख लोगों को आवास मिला।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## लापरवाह हुए तो फिर लगाना पड़ सकता है लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के नए मामलों का आंकड़ा लगातार नीचे जा रहा है। मंगलवार सुबह जारी डेटा के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 18,346 नए मामले सामने आए हैं। यह पिछले 209 दिनों का सबसे कम आंकड़ा है। ऐक्टिव मरीजों की संख्या मार्च 2020 के बाद से सबसे कम है। महामारी का प्रकोप घटता देख लोगों की लापरवाही बढ़ रही है और एक्सपर्ट्स की चिंता भी। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने ताजा चेतावनी में इसी संबंध में एक आशंका जाहिर की है।

**तीसरी लहर पर आईसीएमआर की चेतावनी**

आईसीएमआर और लंदन के इम्पीरियल कॉलेज के रिसर्चर्स ने एक स्टडी की। इसके मुताबिक, रिवेंज ट्रेवल से भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की स्थिति और खराब हो सकती है। स्टडी में कहा गया कि अगले साल फरवरी और मार्च के बीच ऊंची पीक देखने को मिल सकती है।

रिवेंज ट्रेवल यानी पिछले डेढ़ साल से घरों में बंद लोग अब मौके का फायदा उठाना चाहते हैं। फ्लाइट्स और होटल बुक कराए जा चुके हैं।